## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–07.09.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि वे नागरिकों तक जीएसटी के लाभों के हस्तांतरण पर व्यक्तिगत रूप से नज़र रखेंगी।
2. झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को चिकित्सा संवर्ग के सभी डाक्टरों को डायनेमिक एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन का लाभ देने का दिया निर्देश।
3. जंतर मंतर पर झारखंड, बंगाल और ओडिशा के कुड़मियों ने किया प्रदर्शन, कहा एसटी में सूचीबद्ध नहीं किया गया तो होगी आर्थिक नाकेबंदी।
4. धनबाद के कतरास स्थित अंगापथरा कोलियरी में हुए हादसे में शिकार मृतकों के आश्रितों को मिलेगा 36 लाख का मुआवजा और नौकरी, समझौता वार्ता में बनी सहमति।
5. एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय पुरुष टीम ने चीन को 7–0 से हरा कर नौवीं बार फाइनल में जगह बना ली है।

*******************

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि वह नागरिकों तक जीएसटी के लाभों के हस्तांतरण पर व्यक्तिगत रूप से नज़र रखेंगी। एक मीडिया चैनल को दिए साक्षात्कार में, वित्त मंत्री ने कहा कि देश भर के लोगों ने जीएसटी सुधारों को एक स्वागत योग्य कदम बताया है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि अगर उन्हें लाभ नहीं मिल रहा है तो वे इसकी सूचना दें। उन्होंने आगे कहा कि कई उद्योग जगत के दिग्गजों ने पहले ही लाभ पहुंचाने का वादा किया है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र के नाम संबोधन में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री की अधिक कुशल और नागरिक अनुकूल अर्थव्यवस्था बनाने की दृष्टि के अनुरूप 3 सितंबर को जीएसटी परिषद ने जीएसटी दरों को संशोधित किया। परिषद ने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को चार–स्तरीय संरचना को पांच और 18 प्रतिशत के दो–स्तरीय संरचना में बदलकर सरल बना दिया है। इन सुधारों ने कई क्षेत्रों में कर दरों को कम किया है। यह लोगों के जीवन को आसान करते हैं। आज हम माल परिवहन क्षेत्र में सुधारों की बात करेंगे।

*******************

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सरायकेला में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी की दरों में किए गए कटौती का फैसला न सिर्फ ऐतिहासिक है बल्कि यह एक क्रांतिकारी फैसला भी है।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को चिकित्सा संवर्ग के सभी डॉक्टरों को डायनेमिक एश्योर्ड करियर प्रोग्रेसन स्कीम का लाभ देने का निर्देश दिया है। अदालत ने साफ कहा कि समान वर्ग में आने वाले कर्मचारियों को बराबरी का लाभ मिलना चाहिए, चाहे उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया हो, या नहीं। जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने राज्य सरकार के अधीन कार्यरत 53 डॉक्टरों की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। अदालत ने सरकार को कर्मचारियों को मिलने वाले सभी बकाया लाभों का भुगतान आठ सप्ताह के भीतर करने को कहा है।

*******************

टोटेमिक कुड़मी समाज के बैनर तले दिल्ली के जंतर मंतर में धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें झारखंड, बंगाल और ओडिशा के कुड़मियों ने हिस्सा लिया। धरना प्रदर्शन के माध्यम से कुड़मियों को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने की मांग की गई। धरना को संबोधित करते हुए समाज के अगुआ शीतल ओहदार ने कहा कि कुड़मी को एसटी में सूचीबद्ध नहीं किया गया तो आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी।

*******************

धनबाद जिले के कतरास स्थित बीसीसीएल के अंगापथरा केशलपुर वेस्ट मोदीडीह कोलियरी में हुए भू धंसान के बाद एनडीआरएफ का राहत और बचाव कार्य लगातार आज भी जारी है। खाई से अबतक कुल 7 शवों को निकाला जा चुका है। जिसमें छह शवों की पहचान की जा चुकी है। इस बीच बीसीसीएल, आउटसोर्सिंग कंपनी, प्रशासन, पीड़ित परिवार और मजदूर नेताओ के बीच समझौता वार्ता हुई। जिसमें मृतकों के परिजनों को 36 लाख रुपए मुआवजा और नियोजन पर सहमति बनी।

*******************

खूंटी जिले के एक छोटे से जनजातीय बहुल विद्यालय से निकल रही तीरों की आवाज राष्ट्रीय खेल जगत में नई उम्मीद और चेतना का संचार कर रही है।

*******************

हजारीबाग जमीन घोटाला में एसीबी की पूछताछ के बाद निलंबित आइएएस विनय चौबे दोबारा रिम्स में भर्ती कराये गये हैं। इससे पहले रिमांड अवधि खत्म होने के बाद कल उन्हें विशेष कोर्ट में पेश किया गया। विनय चौबे की ओर से स्वास्थ्य कारणों से कोर्ट में आवेदन देकर रांची रेफर करने की मांग गयी थी। इस पर उनकी स्वास्थ्य जांच शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में हुई, जहां से उनको रिम्स रेफर किया गया।

*******************

एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय पुरुष टीम ने चीन को 7–0 से हरा कर नौवीं बार फाइनल में जगह बना ली है। भारत की ओर से अभिषेक ने दो गोल किये, जबकि शिलानंद, दिलप्रीत, मनदीप, राजकुमार और सुखजीत ने एक–एक गोल दागे, अब भारत का फाइनल मुकाबला आज दक्षिण कोरिया से होगा। टूर्नामेंट जीतते ही भारत को हॉकी विश्व कप 2026 का टिकट मिलेगा।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने टैरिफ विवाद के बीच भारत अमेरिका के रिश्तों पर आई खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

प्रभात खबर की सुर्खी है–पलामू में मां ने अपने इलाज के लिए 50 हज़ार में नवजात को बेचा।

हिंदुस्तान लिखता है–मुख्यमंत्री ने कहा बहरागोड़ा को अनुमंडल बनने पर शीघ्र होगा विचार।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है–रिम्स में 30 वेंटीलेटर खराब, 10 दिन में 15 ऑपरेशन टले, लौटाए जा रहे हैं मरीज।

और दैनिक जागरण ने लिखा है–जेपी कारा में आईएएस विनय चौबे की तबीयत बिगड़ी रिम्स में भर्ती

**************